आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 14.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- केन्द्र सरकार ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजय पुरम करने का निर्णय लिया है।
- आज हिन्दी दिवस है– उप राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों से अधिक से अधिक काम हिन्दी में करने का आग्रह किया है।
- अंडमान निकोबार प्रशासन के सभी कार्यालयों तथा शिक्षा संस्थानों में आज से हिन्दी पखवाड़ा मनाया जाएगा।
- आई सी डी एस डिगलीपुर की ओर से स्कूली बालिकाओं के लिए उनके अधिकारों पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप और नार्थ बे के लिए पर्यटक बोट का संचालन आज से पुनः राजीव गांधी जल क्रीड़ा परिसर से किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदल दिया गया है। अब पोर्ट ब्लेयर के स्थान पर द्वीपसमूह की राजधानी का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर कहा कि देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर कल गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। श्री विजयपुरम नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दर्शाता है। इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है। चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला ये द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है। ये द्वीप नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वारा सबसे पहले तिरंगा फहराने से लेकर सेल्यूलर जेल में वीर सावरकर और अन्य स्वंतत्रता सेनानियों के द्वारा मां भारती की स्वाधीनता के लिए संघर्ष का स्थान भी है।

इस बीच, द्वीपसमूह के पद्मश्री से सम्मानित नरेश चन्द्र लाल ने सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि श्री विजयपुरम विजय का प्रतीक है और इसी भूमि पर वीर सावरकर, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जैसे कई स्वतंत्रता सेनानियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वीर सपूतों की कुर्बानी रंग लाई है। श्री विजय पुरम का नामकरण अवश्य ही विजय की ओर बढ़ता हुआ एक महत्वूपर्ण कदम होगा।

<><><><><><><>

आज हिन्दी दिवस है। आज ही के दिन उन्नीस सौ उन्चास को देश की संविधान सभा ने हिन्दी भाषा को भारत संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। द्वीपसमूह के उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने इस अवसर पर लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से वर्तमान समय तक सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी का अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हिन्दी भाषा सरलता, सहजता और शैली की दृष्टि से विश्व की भाषाओं में अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान रखती है। उन्होंने द्वीपवासियों से आग्रह किया कि हमारे संविधान में हिन्दी को प्रदान गरिमा का सम्मान करते हुए हिन्दी के विकास में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। साथ ही उन्होंने प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों से अधिक से अधिक सरकारी काम हिन्दी में करने का आग्रह किया।

हिन्दी दिवस के अवसर पर आज आकाशवाणी दिल्ली से गृह मंत्री अमित शाह का संदेश प्रसारित किया जाएगा। इसे अब से कुछ देर बाद सुबह सात बजकर दस मिनट पर सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

इस बीच, अंडमान निकोबार प्रशासन के सभी कार्यालयों तथा शिक्षा संस्थानों में आज से हिन्दी पखवाड़ा मनाया जाएगा। पखवाड़े के दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज हिन्दी दिवस के अवसर पर सभी कार्यालयों और शिक्षा संस्थानों में कार्यक्रम रखा गया है। सोलह सितम्बर को पोर्ट ब्लेयर मुख्यालय क्षेत्र के तमिल, बांग्ला और तेलुगू माध्यम के विद्यालयों के कक्षा छठीं से आठवीं तथा नवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अट्ठारह सितम्बर को राजभाषा विभाग के हिन्दी टंकण प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशासन के तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए हिन्दी टंकण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्नीस सितम्बर को इसी प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशासन के बहुकार्य निष्पादन कर्मचारियों के लिए हिन्दी लेखन प्रतियोगिता आयोजित होगी।

इसके अलावा पखवाड़े के दौरान और कई प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। एक अक्तूबर को समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाणपत्र तथा नकद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

आई सी डी एस डिगलीपुर की ओर से स्कूली बालिकाओं के लिए उनके अधिकारों पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग की आई सी डी एस की ओर से कल सीतानगर के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिविर में घरेलू हिंसा अधिनियम, अनैतिक दुर्व्यवहार निवारण रोक, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न पर कठोर कार्रवाई से संबंधित कानूनों के बारे में किशोरी छात्राओं को जानकारी दी गई। थाना प्रभारी विजय कुमार ने कहा कि महिला अधिकारों को सुनिश्चत करने की दिशा में कई सारे अधिनियम लागू किए गए हैं और हर महिला को इनकी जानकारी होनी चाहिए। अधिकारों के बारे में जागरूक होकर वे भयमुक्त जीवन जी सकते हैं और दूसरी महिलाओं को भी शिक्षित कर सकते हैं। कार्यक्रम में उप–निरीक्षक अब्दुल शकील और विद्यालय के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इन वक्ताओं ने पॉक्सो अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी तरह का दुर्व्यवहार खासकर यौन उत्पीड़न की घटना के बारे मे बिना डरे अपनी शिकायत स्कूल के पॉक्सो बॉक्स में डाल सकते हैं, जिस पर तुरंत कार्रवाई होगी।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप और नार्थ बे के लिए पर्यटकों को लाने–ले जाने वाली पर्यटक बोट का संचालन आज से पुनः राजीव गांधी जल क्रीड़ा परिसर से किया जाएगा। राजीव गांधी जलक्रीड़ा परिसर में फ्लोटिंग जेटी और गैंगवे की मरम्मत और रखरखाव के मद्देनजर जंगलीघाट जेटी से नावों का संचालन किया जा रहा था।

<><><><><><><>

बिजली से संबंधित कार्य किए जाने के कारण आज सुबह आठ बजे से एक बजे तक दक्षिण अण्डमान के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

प्रभावित क्षेत्रों में टेलराबाद, सीपीघाट, बिम्बलीटान जंक्शन, छोलदारी, पोर्ट मोर्ट, ओग्राब्रांज, नमूनाघर, डंडसप्वाइंट, टुसनाबाद से तिरूर, वंडूर, हफ्रीगंज, गुप्तापाड़ा, धानीखाड़ी, नयाशहर, गुड्डा टोली से रामनगर और फरारगंज जंक्शन से जिरकाटांग नम्बर–दो के क्षेत्र शाामिल हैं।

**<><><><><><><>**

उद्योग विभाग की ओर से मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत में हस्तशिल्प पर अल्पावधि कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर सहायक निदेशक टी. अल्वीकुट्टी और सी ए सुभलक्ष्मी ने उद्योग विभाग तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। पंचायत प्रधान साज़िदा बानू ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का सही उपयोग करने को कहा, ताकि उन्हें आमदनी हो सके।

**<><><><><><><>**